हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025



13 इंस्पायर अवार्ड के लिए प्रत्येक स्कूल में 5 छात्रों का पंजीयन ...





14 मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर युद्ध स्तर पर ...







B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065


# बोनी के दो माह बाद भी डीएपी खाद के लिए मारामारी, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/थान खम्हरिया

खरीब फसल धान की बोनी के पूर्व ही तहसील क्षेत्र में खाद व बीज की संकट गहराने लगी थी जो आज भी बरकरार है। थान खम्हरिया, बनरांका, कुरूद, कन्हेरा,अगरी, खाती, खैरझिटीकला, दर्री, हाटरांका, ठेलका, बेलतरा, सोमईकला जैसे सोसायटियों में किसान बोनी के दो माह बाद भी डीएपी व युरिया जैसे खाद के लिए भटक रहे हैं। शासन प्रशासन की कमजोरी के चलते खाद बीज की आपूर्ति इस वर्ष काफी कमजोर रही है, जो आज भी क्षेत्र में खाद मारामारी चल रही है, जैसे ही सोसायटियों में खाद आती है। किसानों की भीड़ जमा हो जाती है, अभी भी किसानों की ओर तहसील क्षेत्र में करीब 500 सौ टन खाद की मांग बनी हुई है। थान खम्हरिया सोसायटी में मांग से कम 700 बोरी तथा समीपस्थ ग्राम खाती सोसायटी में महज 500 बोरी डीएपी खाद आने से किसानों में नाराजगी देखी गई है।

उचित समय पर किसानों को खाद उपलब्ध नहीं होने उत्पादन में गिरावट आने की भी संभावना बनी है। फसल को सही समय में खाद नहीं मिलने से धान की पौधों में ग्रोथ नहीं आ पा रही है। कयास लगाया जा रही है कि इस वर्ष प्रति एकड़ 12 से 15 क्विंटल ही धान की पैदावारी होने की संभावना है। तहसील क्षेत्र में आज भी खाद संकट से किसान उबर नहीं पा रहे हैं।

## थान खम्हरिया तहसील में अभी भी 500 टन खाद की डिमांड



### ऊंचे दामों पर खाद खरीदकर काम चला रहे

गौरतलब है कि इस वर्ष अकेले थान खम्हरिया सोसायटी में 960 हेक्टेयर धान रकबा के लिए कुल 120 टन डीएपी खाद की डिमांड आयी थी, जिसमें 30 टन डीएपी खाद की मांग अभी भी बनी हुई है, जबकि तहसील क्षेत्र लगभग 1000 टन से भी अधिक डीएपी खाद की मांग में करीब 60 प्रतिशत की खाद की आपूर्ति की जा सकी है। इस वर्ष तहसील क्षेत्र में करीब 24 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि में खरीफ फसल की बोआई की गयी है, जिसके लिए किसानों ने 85 हजार करोड़ रूपए की ऋण ले रखा है। अब किसानों के समक्ष धान उत्पादन व ऋण चुकता करने की चिंता अभी से सताने लगी है। थान खम्हरिया सोसायटी मे 24 सौ हेक्टेयर धान की रकबे में केवल 960 हेक्टेयर हेतु खाद की डिमांड आयी है जो आधे से भी कम है बाकी के किसान खुले बाजार से ऊंचे दामों पर खाद खरीदकर काम चला रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### चाकू दिखाकर धमकाने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** नेवई पुलिस ने धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नेवई पुलिस को सूचना मिली थी कि बैकुंठ धाम नेवई के पास सार्वजनिक कुछ लोग चाकू लेकर लोगों को डरा व धमकी दे रहे हैं। सूचना मिलते ही नेवई पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में स्टेशन मरोदा निवासी केवल दास मानिकपुरी उर्फ भोला, नेवई डैम के पास एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा निवासी श्रवण गंगराई का नाम शामिल है। युवकों से धारदार चाकू जब्त किया गया है।

### बालक को बचाने वाला नदी में बहा

**भिलाई।** बारह वर्षीय बालक को बचाने शिवनाथ नदी कूदा युवक तेज बहाव में बह गया। मिली जानकारी के मुताबिक बालक को बचाने दो युवक जिसमें एक युवक योगेंद्र ठाकुर बालक को बचाने में सफल रहा लेकिन खुद तेज बहाव में बह गया। स्थानीय लोगों ने बालक और अन्य युवक को बचा लिया। खबर लगते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। योगेंद्र ठाकुर की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। नदी में पानी का बहाव तेज होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। फिलहाल योगेन्द्र की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### नौकरी लगाने का झांसा देकर 5 लाख की ठगी

**भिलाई।** मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। अंजोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंजोरा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम चिरचार थाना अर्जुन्दा जिला बालोद निवासी संतराम देशमुख ने शिकायत किया कि भेषराम देशमुख, रविकांत देशमुख दोनों सरकारी क्वार्टर वेटनरी कालेज अंजोरा और राजनांदगांव अरुण मेश्राम के द्वारा मंत्रालय में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख रुपये लिया था। उन्होंने दावा किया था कि उनकी मंत्रालय में अच्छी जान पहचान है और वो चपरासी की पोस्ट पर नौकरी लगवा सकता है। उसने कहा कि उन्हें 40 रुपए वेतन मिलेगा। संतराम आरोपियों के झांसे में आ गया और साल 2022 में अपने दमाद और बेटे की नौकरी लगाने के लिए आरोपियों को 5 लाख रुपए दे दिया। नौकरी नहीं लगने पर 25 मई 2022 को भीषम लाल अमृत, दामाद ज्ञानी देशमुख के साथ अंजोरा स्थित क्वार्टर पीड़ित पहुंचा। जहां भेषराम व उसका बेटा रविकांत एक अन्य घर पर बैठे थे। भेषराम देशमुख द्वारा परिचय कराते हुये राजनांदगांव निवासी अरुण मेश्राम बताया गया।

### निगम ने नाली पर बने अवैध अतिक्रमण हटाया

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने मंगलवार सुबह निरीक्षण के दौरान देखा कि वार्ड 22 कुरुद ढांचा भवन रोड में बाबा स्वीट्स के संचालक ने नाली को पाटकर उसके ऊपर अवैध अतिक्रमण कर लिया है। इसके कारण नाली के पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो पा रही है।

## प्रदर्शन

**बिजली मरम्मत के दौरान करंट से हुई है युवक की मौत**

# मुआवजा के लिए ग्रामीणों ने सड़क पर रखा शव और किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के तहत भिंभौरी के गोड़गिरी सब-स्टेशन में काम कर रहे एक ठेका कर्मचारी की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे उस समय हुआ, जब वह गोड़गिरी के दशहरा मैदान के पास टूटे हुए बिजली के तार की मरम्मत कर रहा था। इस घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर बेरला-बेमेतरा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

मृतक की पहचान 28 वर्षीय देवेंद्र साहू के रूप में हुई है, जो ग्राम हसदा के रहने वाले थे। सूत्रों के अनुसार, करंट लगने के बाद देवेंद्र खंभे से गिर गए। उन्हें तुरंत बेरला के वेदांता अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल ने कानूनी कार्रवाई और पुलिस केस का हवाला देते हुए उन्हें भर्ती करने से मना कर दिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला जाने को कहा। जब देवेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



**तत्काल दी गई 50 हजार की राशि**

चक्काजाम के बाद विद्युत विभाग ने मृतक के परिजनों को सहयोग राशि के तौर पर तत्काल 50 हजार नकद दिए और 50 हजार रुपये बुधवार शाम तक देने का आश्वासन दिया। भिंभौरी विद्युत वितरण कंपनी के एई रात्रे ने बताया कि विभाग में कार्यरत कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में 4 लाख देने का प्रावधान है, और यह राशि मृतक के परिजनों को दी जाएगी।

देवेंद्र अपने परिवार के इकलौते चिराग थे और कुछ महीने पहले ही उनकी शादी हुई थी। परिजनों का आरोप है कि मौत के बाद ठेकेदार और विद्युत विभाग दोनों में से किसी ने भी जिम्मेदारी नहीं ली। बुधवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव मिलने पर, आक्रोशित परिजन, ग्रामीण और क्षेत्र के हजारों लोग लिमाही चौक पर जमा हो गए और शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने जेई और एई मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए उचित मुआवजे की मांग की।

### समझौता किया गया

इस घटना पर, बेरला के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि परिजनों और बड़ी संख्या में लोगों ने शव के साथ लिमाही चौक पर चक्काजाम किया था। बेरला पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर यातायात और शांति व्यवस्था बनाए रखी और प्रदर्शनकारियों से समझौता करने का प्रयास किया। एई रात्रे ने यह भी बताया कि गोड़गिरी में टूटे हुए तार को पुलिस की मौजूदगी में बुधवार शाम को ठीक कर दिया गया है। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि देवेंद्र को करंट कैसे लगा। गौरतलब है कि भिंभौरी क्षेत्र में ठेका कर्मचारी के साथ यह दूसरी घटना है। पिछले जून में भी एक ठेका कर्मचारी के साथ हादसा हुआ था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। क्षेत्र में कर्मचारियों की भारी कमी के कारण ग्रामीण और किसान लगातार परेशान रहते हैं। इस घटना के बाद गोड़गिरी स्टेशन से संचालित अटल ज्योति भी लगभग 24 घंटे तक बंद रही, जिसे बुधवार शाम को दोबारा चालू किया गया।

# नगर में उत्पात मचाने पर दो युवक पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थान खम्हरिया



■ नगरवासियों की शिकायत पर पुलिस ने दिखाई सक्रियता

नगर मे पिछले कई महिने से नशाखोरो की आतंक बढता चला जा रहा था आए दिन चोरी,लूटपाट व विवाद से आमजन काफी परेशान रहा करते थे,उपरोक्त समस्या को देखते हुए थाना प्रभारी द्वारिका देशलहरे ने सक्रियता दिखाते हुए अभियान चलाकर ऐसे दो उत्पाती युवको को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पकडे गये दोनो युवक विभिन्न प्रकार के नशे करने के आदी है तथा नशा कारोबारी मे भी इनकी संलिप्तता है। जो शराब दुकान के आसपास, विभिन्न वार्डो व बाजारो मे उत्पादन करते दिखा करते थे। उक्त दोनो युवक पर्व मे अनेक बार विभिन्न धाराओ मे निरूद्ध हुए है और हवालात जा चुके है इनकी हरकतो ने नगर के वाअंआवरण को भी दुषित कर रहा था ऐसे युवक पर पुलिसिया कार्रवाई होने से असमाजिक गतिविधियों मे विराम लगेगा। थाने से मिली जानकारी के मुताबिक कुछ दिन से नगर मे दो युवको के असमाजिक गतिविधियों को लेकर नागरीक परेशान थे आज वार्ड क्र 03 मे कुछ युवक के उत्पात मचाने की खबर पर प्रार्थी रामलोचन शर्मा के रिपोर्ट पर उत्पाती युवक शेषनारायण मिश्रा पिता योगेश मिश्रा (23) निवासी वार्ड क्र 03 तथा कार्तिकेय शर्मा पिता रामलोचन शर्मा (25) निवासी वार्ड क्र 10 को पुलीस ने आज सूब। गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 270 के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया। जहां आरोपीयो को न्यायीक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

गौरतलब है कि नगर मे विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री बेधड़क चल रही है। जिससे नगर मे असमाजिक गतिविधियां बढ गयी थी आए दिन मारपीट व चोरी की घटनाएं आम हो ▶▶ शेष पेज 13 पर

# निवेशकों से धोखाधड़ी दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा और गठित पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में निवेशकों को दोगुना लाभ और त्रैमासिक कमीशन देने का लालच देकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। प्रार्थी तारकेश्वर शर्मा निवासी अमोरा ने थाना बेमेतरा में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि जनवरी–फरवरी 2021 में मोहन वर्मा वार्ड 12 शीतला मंदिर बेमेतरा और संतोष साहू ग्राम भैंसा थाना बेमेतरा ने उन्हें अपनी कंपनी रायल लाइफ मार्केटिंग इन्वेस्टमेंट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर बताकर निवेश के नाम पर 4,18,000 रुपये जमा करवाए। इसके अलावा, अन्य 5 लोगों से कुल 18,15,000 रुपये फोन पे के माध्यम से जमा कराए गए। समय सीमा पूरी होने पर कंपनी बंद हो गई और आरोपी संपर्क करने पर टाल-मटोल करते रहे। प्रार्थी की शिकायत के आधार पर धारा 420, 409, 34 भादवि, ईनामी चिट फंड एवं धन परिचालन स्कीम पाबंदी अधिनियम तथा छ.ग. निक्षेपकों के हित संरक्षण अधिनियम की धारा 10 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना में आरोपी मोहन वर्मा और संतोष साहू को गिरफ्तार कर सत्र न्यायालय बेमेतरा में चालान पेश किया गया।



इसके अलावा वर्ष 2022 में आरोपी धनेन्द्र गजभिये को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया गया। हाल ही में आरोपी प्रदीप सिंह फ्लैट नं. 201, डीएम 33, आईबीडी हाल मार्क सिटी, कोलार रोड, भोपाल को पतासाजी कर गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। फरार अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

# नियमितीकरण की मांग पर अड़े एनएचएम कर्मचारी, 17वें दिन भी जारी रहा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन आंदोलन 17वें दिन भी जारी रहा। नियमितीकरण, ग्रेड-पे और 27 प्रतिशत लंबित वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर डटे हुए हैं। इस हड़ताल से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

अस्पतालों में तालाबंदी जैसी स्थिति है। वहीं ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी स्वास्थ्य केंद्रों तक चिकित्सा सेवाएं ठप हो गई है। एनएचएम कर्मचारियों ने याद दिलाया कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर सेवाएं दीं। वहीं सामान्य दिनों में वे आपातकालीन सेवाओं, रात्रीकालीन ड्यूटी, संस्थागत प्रसव, आंगनवाड़ी और स्कूलों में स्वास्थ्य परीक्षण, नवजात शिशुओं की देखभाल, टीकाकरण, कुष्ठ, मलेरिया, टीबी, मौसमी बीमारियों के नियंत्रण सहित विभिन्न सेवाओं का संचालन करते आए है। कर्मचारियों ने बताया कि हड़ताल के चलते अब ये सभी सेवाएं ठप हो चुकी है। जिससे ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में तो स्थिति गंभीर है ही, वही शहरों में भी मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। धरना स्थल पर कर्मचारियों ने आज विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सरकार का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। जिला अध्यक्ष पूरन दास और जिला प्रवक्ता बृजेश कुमार दुबे ने कहा कि जब तक हमारी सभी मांगों पर लिखित आश्वासन नहीं दिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। सरकार जिस तेजी से हड़ताली कर्मचारियों को नोटिस थमा रही है, उसी तेजी से यदि मांगों को मंजूरी दे देती तो आज यह स्थिति नहीं बनती। बेमेतरा के लगभग 400 एनएचएम कर्मचारियों ने घोषणा की कि वे शहर में रैली निकालकर अपनी मांगों को आम जनता तक फिर से पहुंचाएंगे।



# धूमधाम से मनाया जाएगा रजत महोत्सव

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित रजत महोत्सव का आयोजन कल विकासखंड नवागढ़ के हाई स्कूल मैदान प्रांगण में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल शामिल होंगे। महोत्सव में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, जनपद पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू, छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू, कृषि समिति जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल और वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अजय साहू भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में पुरखा के सुरता के जरिए सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का प्रयास किया जाएगा। वहीं छत्तीसगढ़ फूड फेस्टिवल में पारंपरिक व्यंजन मुख्य आकर्षण होंगे। इसके साथ ही मेधावी बेटियों का सम्मान तथा आम नागरिकों की सुविधा के लिए मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस ऐतिहासिक अवसर को सफल बनाने की अपील की है।

## सायकिल मिलने से स्कूल की दूरी कम लगेगी : मिश्रा

# बारगांव स्कूल की 74 छात्राओं को मिली सायकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव में सत्र 2025-26 के अंतर्गत सरस्वती निशुल्क साइकिल योजना के तहत कक्षा 9 वीं की 74 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई, इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि सरपंच प्रतिनिधि सच्चिदानंद मिश्रा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सतीश यादव, भाजपा सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य तीक्ष्ण साहू ने की।

साइकिल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर कुल 74 छात्राओं को साइकिल का लाभप्रदान किया गया। सरपंच प्रतिनिधि सच्चिदानंद मिश्रा ने योजना की उपयोगिता बताते हुए कहा कि शासन की यह पहल छात्राओं की पढ़ाई को सुगम बनाती है, छात्राओ को आगे पढ़ने में साइकिल वितरण कारगर साबित हुआ है। यह एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है बल्कि बेटियों की शिक्षा की राह आसान हो जाती है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष सतीश यादव ने कहा कि वे शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं जैसे निशुल्क पुस्तक, निशुल्क साइकिल आदि का सही उपयोग कर शिक्षा में आगे बढ़ें। भाजपा सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पहले छात्राओं को दूर दराज से विद्यालय आने में कठिनाई होती थी जिसके कारण वे पढ़ाई छोड़ देती थीं, किंतु शासन की इस योजना से अब होनहार बेटियों को शिक्षा जारी रखने का अवसर प्राप्त हो रहा है।





प्राचार्य तीक्ष्ण साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन छात्राओं के लिए सरस्वती साइकिल योजना चला रही है। कार्यक्रम में विद्यालय की व्याख्याता श्याम सिंह, श्यामसुंदर साहू, देवधर देवांगन, हिमाचल साहू, संजय बंछोर, महेश बंधे, दौलत राम साहू, व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू, पूर्णिमा साहू, डीजी रानी साहू, भीष्म देव साहू, हरीश साहू, भीषम साहू, सहित समस्त स्टाफ व शाला के छात्र उपस्थित रहे।

# चोरी का खुलासा, छह मोबाइल सहित मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नवागढ़/नांदघाट

■ 57 हजार की कीमत बरामद

नांदघाट थाना पुलिस ने चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। चोरी के कुल छह मोबाइल सहित मुख्य आरोपी दीपक उर्फ रेशम निषाद 18 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि बरामद मोबाइल की कुल कीमत लगभग 57 हजार रुपए है।

घटना के अनुसार, कामता प्रसाद तिवारी 38 वर्ष नांदघाट ने 14 अगस्त की रात अपने घर में सोने के बाद देखा कि उनके और उनके भतीजे के मोबाइल गायब हैं। चोरी गए मोबाइलों में ओप्पो कंपनी के 5 एस और एफ 19 मॉडल शामिल थे, जिनकी कीमत लगभग 12 हजार रुपए बताई गई। थाना प्रभारी उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव और उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया। विवेचना में पता चला कि दीपक निषाद चोरी किए मोबाइल बेचने और अन्य स्थानों से चार मोबाइल चोरी करने की योजना बना रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल छह मोबाइल बरामद किए, जिनकी कुल कीमत लगभग 57 हजार रूपये है। आरोपी दीपक को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। साथ ही, मामले में शामिल एक बालक को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया। थाना नांदघाट की इस कार्रवाई में थाना प्रभारी ▶▶ शेष पेज 13 पर

# भिलाई के 17 तालाबों में मूर्ति विसर्जन प्रतिबंधित, अस्थाई कुंड निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम ने शहर के 17 तालाबों में प्रतिमा विसर्जन पर रोक लगाई है। तालाबों के पास ही प्रतिमा विसर्जन के लिए एक अलग से कुंड बनाए जा रहे हैं जहां पर लोग भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जित कर सकेंगे। एनजीटी के निर्देश का पालन करते हुए निगम ने तालाबों को प्रदूषणमुक्त रखने के लिए यह पहल की है।

अलग खबर

## एनजीटी के निर्देश के तहत तालाबों को प्रदूषणमुक्त रखने की पहल

### इन तालाबों पर प्रतिमा विसर्जन पर रोक

आयुक्त राजीव पांडेय ने जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किए है कि तालाबों के गेट पर मूर्ति विसर्जन प्रतिबंधित है, प्रतिबंध के संबंध में बैनर पोस्टर लगाया जाए। जोन 1 अंतर्गत आला बंध तालाब खम्हरिया, स्मृति नगर तालाब, आमा तालाब, लिम्हा तालाब एवं भेलवा तालाब, जोन 2 अंतर्गत वार्ड 22 शीतला तालाब, ढौर तालाब, बड़ा तालाब, घासीदास नगर तालाब एवं वार्ड 16 शीतला तालाब, जोन 03 अंतर्गत वार्ड 55 सेक्टर 2 तालाब एवं वार्ड 32 बैकुण्ठधाम तालाब, जोन 04 अंतर्गत वार्ड 50 बाबा बालक नाथ सरोवर, वार्ड 43 बापू नगर तालाब एवं वार्ड 41 लक्ष्मण नगर तालाब, जोन 05 अंतर्गत वार्ड 69 मानव परिसर तालाब एवं वार्ड 66 सेक्टर 07 शिवधाम तालाब में मूर्ति विसर्जन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंधित तालाबों को छोड़कर मूर्ति विसर्जन के लिए अलग से कुण्ड बनाया जाएगा। श्रद्धालु निगम द्वारा बनाए गए कुण्ड में ही मूर्ति विसर्जित करें और पूजा सामग्री तालाब में न डालें।



### पूजा सामग्री भी तालाब में न डालें

त्यौहारी सीजन लग चुका है। भिलाई शहर के मुख्य चौंक-चौराहों, गली-मोहल्लो में भगवान गणेश की प्रतिमा का स्थापना किया गया है। अक्सर देखा जाता है कि लोग तालाबों में भगवान की मूर्ति विसर्जित करने के साथ पूजा सामग्रीयों को तालाब में डाल देते है, जिसके कारण तालाब का पानी गंदा होने के साथ कचरा पानी के उपर बहकर किनारे पर आ जाता है। निगम आयुक्त ने पूजा सामग्री भी तालाब में न डालने की अपील लोगों से की है।

### प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करने निर्देश

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर अंतर्गत रामनगर मुक्तिधाम तालाब एवं कुरूद बस्ती के नाला की साफ-सफाई का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा किया गया। निगम आयुक्त द्वारा निगम क्षेत्र के वार्डो, उद्यानों, तालाबों, सुलभ शौचालयों, बाजारों एवं अन्य जगहों का निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने लगातार निगम का अमला अपने-अपने क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के मुख्य मार्ग, मोहल्लो, उद्यानों में प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त किया जा रहा है। तालाबों में उगे जलकुम्भी की सफाई भी मशीनों एवं सफाई गैंग लगाकर कराया जा रहा है।

## कुंड में ही करें प्रतिमा विसर्जित विधायक रिकेश ने की अपील



**भिलाई।** अनंत चतुर्दशी का दिन सनातन धर्म में बहुत खास माना गया है। इसी दिन दिगंबर जैन धर्मावलंबियों का पर्यूषण पर्व समाप्त होता है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने क्षेत्र की सभी बड़ी छोटी पूजा समितियों से अपील की है कि अनंत चतुर्दशी 6 सितंबर के दिन ही गणेशजी की मूर्तियों का विसर्जन करें। उन्होंने कहा कि घर में विराजी छोटी मूर्तियों को नदी/तालाब ले जाने की बजाय अस्थायी पांड/कुंड में विसर्जित किया जाए। साथ ही पूजा सामग्री जैसे-फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक से बनी सजावट की वस्तुएं मूर्ति विसर्जन के पूर्व अलग कर इसका अपवहन उचित तरीके से करें, जिससे नदी या तालाब में प्रदूषण की स्थिति नियंत्रित हो सके। इससे एनजीटी की गाइडलाइन का पालन हो सकेगा।

## खबर संक्षेप



### शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को करें हासिल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) विभाग द्वारा संविदा श्रमिकों और उनके परिवारों को कार्यस्थल सुरक्षा यात्रा से जोड़ने के उद्देश्य से घर से घर तक नामक सुरक्षा संवाद श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत एचआरडीसी भूतल सभागार में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीआरएम के100 ठेका श्रमिक अपने परिजनों सहित शामिल हुए। मुख्य अतिथि व विभागाध्यक्ष व सीजीएम योगेश शास्त्री थे। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें परिवारजनों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। लापरवाहियों से हुई दुर्घटनाओं को मिलकर रोकना होगा। यदि हम सभी एकजुट होकर प्रयास करें तो शून्य दुर्घटना' का लक्ष्य अवश्य प्राप्त किया जा सकता है।
इस अवसर पर महाप्रबंधक सच्चिदानंद त्रिपाठी, महाप्रबंधक शाश्वत मोहंती एवं महाप्रबंधक समीर पाण्डेय, महाप्रबंधक आशीष तथा महाप्रबंधक शिखर तिवारी ने भी विचार व्यक्त किए। विभागीय सुरक्षा अधिकारी शशांक शर्मा ने सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का संचालन किया। प्रश्नोत्तरी में विजेता रहीं ज्योति मिश्रा, रेणु, किरण, शीबा व अलीमा बेगम तथा बच्चों ईशान, धैर्य, पल्लवी और आयन को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार सोनी ने किया।

## असर : 805 एनएचएम कर्मी पिछले 15 दिनों से हैं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

# टीबी और एआईवी की नहीं मिल रही दवाएं अनट्रेंड नर्सिंग छात्राएं निकाल रही हैं ब्लड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला सहित सरकारी अस्पतालों में एनएचएम कर्मियों का पिछले 15 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल चल रही है। हड़ताल की वजह से अब स्वास्थ्य सेवाएं चरमराने लगी है। हाल यह है कि टीबी और एचआईवी के मरीजों को दवाएं नहीं मिल रही। पोषण पुनर्वास केंद्र बंद हो गया है। अप्रिशिक्षत नर्सिंग छात्राएं मरीजों का ब्लड सेंपल ले रही है। जिले में नेत्रदान महादान पखवाड़ा और शिशु संरक्षण माह चल रहा है। यह भी कार्यक्रम प्रभावित रहा। इसलिए कि टीकाकरण का काम करने वाले सर्वाधिक स्टॉफ एनएचएम कर्मी हैं।

### नर्सिंग छात्राओं के भरोसे ब्लड सेंपल

जिला अस्पताल में नर्सिंग छात्राओं के भरोसे ब्लड सैंपल का काम चल रहा है। मरीजों ने बताया कि इन छात्राओं को अनुभव नहीं है। एक व्यक्ति का ब्लड निकालने में ही उनके पसीने छूट जाते हैं। एक बार नहीं कई बार ट्राई करने के बाद बमुश्किल से हाथों की नस दूढ़ पाती है। जिससे मरीजों को काफी दर्द झेलना पड़ता है। एक छात्राएं नहीं कर पाती तो दूसरी छात्राएं कोशिश करती है। इस तरह मरीजों पर प्रयोग हो रहे हैं। इस विभाग में आधा दर्जन एनएचएम हैं जो इस कार्य को पहले करती थी

### पोषण पुनर्वास केंद्र में लटका है ताला




**केस 3**

जिला पोषण पुर्नवास केंद्र में ताला लटका मिला। मरीज गैंदबाई ने बताया कि वह रानीतराई गांव से आई है। उनके बच्चे का कुपोषण का इलाज चल रहा है। यहां आने पर केंद्र में ताला लगा है। महिला स्वास्थ्य कर्मी बच्चे की जांच करते थे वे भी नहीं हैं। हड़ताल पर चले जाने की जानकारी यहां का स्टॉफ दे रहा है।

### हमर क्लीनिक हैं बंद

दुर्ग, भिलाई, फरीदनगर, पोटियाकला, राजीवनगर आदि के हमर क्लीनिक बंद हो गए हैं। इन क्लीनिकों में एनएचएम कर्मी अपनी सेवाएं देते थे। यहां गर्भवती महिलाएं जांच के लिए आती थी। बच्चों की भी जांच होती। इसके अलावा सीजनल बीमारियों की दवा के लिए भी लोग आते हैं।

### सिविल अस्पताल सुपेला में टीबी यूनिट बंद

सिविल अस्पताल सुपेला में टीबी यूनिट बंद मिला। यहां काउंसलिंग काउंटर में बैठी स्टॉफ ने बताया कि टीबी यूनिट इसलिए बंद हैं कि एनएचएम कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। टीबी की दवा वितरण की वैकल्पिक इंतजाम किया गया है। वहां से दवा ले सकते हैं।

### इन उदाहरणों से समझिए स्वास्थ्य सेवाओं का हाल

**केस 1**



जिला अस्पताल में शक्तिनगर निवासी मीरा निषाद मंगलवार को टीबी की दवाई के लिए आई। वे बताती हैं कि तीन महीने से टीबी की दवाई चल रही है। दवाई खत्म हो गई है। दूसरी बार यहां आई है लेकिन हड़ताल की वजह से टीबी की दवाई नहीं मिल रही है। आज भी बिना दवा के जाना पड़ रहा है।

**केस 2**



जिला अस्पताल में मंचादुर निवासी नंदिनी सेन अपने पति राकेश सेन मंगलवार को पहुंची थी। मरीज राकेश बताते हैं कि पेट में पानी भर गया था। आपरेशन करके पेट से पानी निकाला गया था। दवाई खत्म हो गई है। कक्ष क्रमांक 11 में जांच के लिए आए थे। यहां कोई नहीं है। इतनी दूर से आकर बिना इलाज के लौटेंगे।

**एक्सपर्ट व्यू**

### ड्रग रजिस्ट्रेंस डेवलप होगा दवा नहीं होगी कारगर

टीबी, एचआईवी के मरीजों के लिए नियत समय पर दवाएं मिलनी चाहिए। नहीं तो ड्रग रजिस्ट्रेंस का खतरा बढ़ जाता है। जिससे दवाएं बाद में काम नहीं कर पाती। ऐसे मरीजों से दूसरों में टीबी फैलने का जोखिम बढ़ेगा। कुपोषित बच्चों का समय पर पोषण आहार नहीं मिला तो वे जल्दी सुपोषित नहीं हो पाएंगे। बच्चों को बूस्टर नहीं लगा तो बीमारी से लड़ने की क्षमता प्रभावित होगी। स्वास्थ्य चूंकि मूलभूत सेवाओं में से हैं इसलिए सरकार को ऐसी इमरजेंसी में सेकंड लाइन तैयार कर रखने की जरूरत है ताकि स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हो।



डॉ. अनिल अग्रवाल, सेवानिवृत्त मेडिकल आफिसर

### वैकल्पिक व्यवस्था पर चल रहे

एनएचएम कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने की वजह से स्टॉफ में कमी आई है। इसलिए स्वास्थ्य सेवाएं कहीं कहीं प्रभावित हो रही हे। वैकल्पिक इंतजाम के तहत उनकी जगह रेगुलर स्टॉफ काम कर रहे हैं। टीकाकरण पूरी तरह चल रहा है। टीबी दवा वितरण व जांच की व्यवस्था भी दी है।

डॉ. एके मिंज,
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

## व्याख्याताओं, प्रधान पाठकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नति और पदस्थापना आदेश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) एवं प्रधान पाठक, पूर्व माध्यमिक शाला को प्राचार्य (टी संवर्ग), उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पद पर पदोन्नति हेतु छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर में पदोन्नति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक उपरांत 1335 पदोन्नति आदेश जारी किए गए। यह आदेश स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर जारी किया गया है।

काउंसिलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पदस्थापना की स्थिति इस प्रकार रही - कुल 1335 पदोन्नत प्राचार्यों में से 1222 ने संस्था चयन कर पदस्थापना सुनिश्चित की। शेष 113 में से 20 पदोन्नत प्राचार्य काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहे, 20 ने पदोन्नति लेने से इंकार किया, 02 ने विद्यालय चयन से इंकार किया तथा 91 सेवानिवृत्त, मृत, निलंबित एवं अन्य श्रेणी में रहे। इस प्रकार कुल 1222 व्याख्याताओं, व्याख्याता (एल.बी.) एवं प्रधान पाठकों को प्राचार्य (टी संवर्ग), उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पद पर पदोन्नति उपरांत पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं।

इस पद स्थापना में पूर्ण पारदर्शिता का पालन किया गया। साय सरकार जीरो टॉलरेंस के लिए कटिबद्ध है। पात्र कर्मचारियों ने काउंसलिंग स्थल पर अपने स्थान का स्वयं चयन किया एवं चयन उपरांत उक्त स्थान पर अपनी पद स्थापना की सहमति प्रदान की।

## स्टॉप डैम वाली शासकीय भूमि पर अवैध पट्टा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा वार्ड 20 में स्टॉप डैम वाली शासकीय भूमि पर अवैध पट्टा निरस्त कर दिया गया। अब यहां तालाब का निर्माण करने का रास्ता साफ हो गया है। इसे लेकर पा,र्द समेत

- संभागायुक्त के न्यायालय ने लिया बड़ा फैसला

वार्ड के लोगों ने संभागीय आयुक्त के पास शिकायत किया था। पत्रकारवार्ता में पार्षद अपर्णा दास ने बताया कि वार्ड 20 पश्चिम में वर्ष 2022 से शासकीय भूमि खसरा नंबर 324/2 (पूर्व स्टॉप डैम क्षेत्र) पर तालाब निर्माण की मांग की जा रही थी। उस पर नियम विरुद्ध दिए गए पट्टे को संभागायुक्त न्यायालय द्वारा 29 अगस्त 2025 को निरस्त कर दिया है। यह फैसला



वार्डवासियों की ओर से न्यायालय में आवेदन पेश किया गया था। उसमें कहा गया था कि उक्त शासकीय भूमि जहां पहले स्टॉप डैम था, वहां पर पुनः तालाब निर्माण की मांग वर्ष 2022 से लगातार की जा रही थी। गर्मियों में पानी की बढ़ती किल्लत और भूजल स्तर में गिरावट को देखते हुए यह मांग जनहित में उठाई गई थी। 4 अप्रैल को वार्डवासियों को जानकारी मिली कि उक्त भूमि में से लगभग 3300 वर्गफुट का पट्टा कुट रचना कर नियमों के विरुद्ध संस्था को आवंटित कर दिया गया है। जबकि शुरुआती मांग किसी अन्य संस्था द्वारा की गई थी। पार्षद अपर्णा सुब्रतो दासगुप्ता के नेतृत्व में यह मुद्दा संभागायुक्त न्यायालय में उठाया गया। जिसके बाद सभी पक्षों को सुनने के उपरांत यह निर्णय फैसला दिया गया। इस दौरान विदेश राम पटेल, समीर चंद्रा, मोंटू विश्वास, रमेश चंद्र पांडे, डी.नारायण रेड्डी, दिलीप साहू, राजू सिन्हा, डी. राज शेखर रेड्डी, विश्वनाथ सिन्हा, सौमेंद्र मजूमदार, नामदेव, एम रघुनाथ राव, सुब्रतो दास गुप्ता मौजूद थे।

### तालाब का निर्माण जल्द करे

पार्षद अपर्णा सुब्रतो दासगुप्ता के मुताबिक फैसला वार्डवासियों के हक में आया है। पानी की समस्या को देखते हुए तालाब निर्माण अब आवश्यक है। यह भूमि अब फिर से उसी उद्देश्य के लिए उपयोग की जानी चाहिए। जिसके लिए यह पहले निर्धारित थी। निगम प्रशासन, जिला कलेक्टर, विधायक, सांसद और राज्य सरकार से मांग करते हैं कि तालाब निर्माण का कार्य जल्द शुरू किया जाए। जमीन के लिए मांग करने वाली संस्था अलग थी, जबकि आवंटन दूसरी संस्था के नाम पर किया गया। आवंटित संस्था ने तीन वर्षों का ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किया। खसरा विवरण अस्पष्ट था, न ही प्रकाशन में उचित उल्लेख किया गया। पूरे आवंटन में विधि और नियमों की अनदेखी की गई। इस कारण फैसला वार्ड के लोगों के पक्ष में रहा।

## मेडिकल टेक्नीशियन विभाग के संयोजक मनोज और उपसंयोजक नाग बने



**भिलाई।** सीटू के मेडिकल जोन के मेडिकल टेक्नोलजिस्ट का सम्मेलन संपन्न हुआ। अध्यक्षता अजय कुमार आर्या ने की। मेडिकल टेक्नीशियन विभाग में यूनियन के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुति व चर्चा बाद रिपोर्ट को पारित किया गया । सम्मेलन में यूनियन के उपाध्यक्ष संतोष कुमार प्रुस्टी व मेडिकल जोन के सचिव संतोष कुमार भी उपस्थित थे। सम्मेलन में 5 सदस्यीय विभागीय समति चुनी गई। इसमें मनोज कुमार साह, केदारनाथ नाग, अजय आर्या, प्रकाश बोरकुटे, जितेंद्र कुमार, कौसर खान, अमित प्रकाश हैं। सम्मेलन अध्यक्ष ने सदस्यों से प्रस्तावित समिति पर राय के बाद सर्वसम्मति से विभागीय समिति चुनी गई। समिति के संयोजक मनोज कुमार साह व उपसंयोजक केदारनाथ नाग चुने गए।

## 12500 पौधे की देखभाल करेगा महिला समूह, दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केन्द्र सरकार की अमृत मित्र 2.0 पहल के तहत वूमन फार ट्री योजना अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्र की स्थानीय महिला स्व. सहायता समूहों के माध्यम से 12500 पौधो का रोपण कर रखरखाव कराए जाने के निर्देश प्राप्त हैं। नगर निगम भिलाई में 40 उद्यानों में वृक्षारोपण कराने निविदा आमंत्रित किया गया था। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने पश्चात कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। वर्तमान में 60 प्रतिशत वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 40 प्रतिशत वृक्षारोपण विधिवत कराने निगम सभागार में सभी महिला स्व-सहायता को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया। जिसमें समूह की महिलाओं को पौधो की प्रजाति, पौधो की दूरी, पानी, खाद, निंदाई-गुढाई एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के माध्यम से सभी प्रकार के समस्याओं से अवगत हुए और उसका निराकरण किया गया। आयुक्त से चर्चा कर बेहतर करने कार्य करने सलाह लिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता वेशराम आदि मौजूद रहे।

- वृक्षारोपण के लिए महिला स्व-सहायता समूहों को दिया प्रशिक्षण

### 2344 अफसर चुनेंगे अपने भाग्यविधाता

## बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन चुनाव के लिए सरगर्मी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों के संगठन आफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के लिए चुनावी और सियासी सरगरमी शुरु हो गई है। नई कार्यकारिणी का चुनाव 19 सितंबर को होना है। इसके लिए कल बुधवार से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है । इस बार ओए के सदस्यों की निगाहें अध्यक्ष पद पर टिकी हुई हैं। सबकी दिलचस्पी इसमें है कि क्या चार बार अध्यक्ष रह चुके एनके बंछोर क्या रिकार्ड पांचवीं दफा चुनाव लड़ेंगे या फिर इस पद पर कोई नया चेहरा सामने आएगा। अध्यक्ष के साथ महासचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव भी सीधे सदस्यों द्वारा होने से इन दोनों पदों के लिए प्रत्याशियों की तलाश शुरु हो गई है। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र सेल की सबसे बड़ी यूनिट होने के कारण यहां आफिसर्स एसोसिएशन के चुनाव पर पूरे सेल के साथ सेफी की नजर भी टिकी होती है। इसे देखते हुए



इस चुनाव में भी दावेदारों के साथ आम सदस्यों में इस चुनाव को लेकर भी उत्साह दिख रहा है। कल तीन सितंबर से नामांकन लेने की प्रक्रिया शुरु हो रही है और वर्क्स व नान वर्क्स में पिछली उपलब्धियों को देखते हुए निवृत्तमान अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर सहित महासचिव परविंदर सिंह व कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा को फिर से मौका दें या लंबित मुद्दों को लेकर इनकी जगह नए चेहरे लाए लाएं, इसे लेकर सदस्यों में अनौपचारिक ओपिनियन व मंथन शुरु हो गया है। बीएसपी व टाउनशिप के दफ्तरों में चुनाव को लेकर अधिकारियों में उत्साह है।

### मात्र 11 दिन मिलेंगे प्रचार के लिए

ओए चुनाव में इस बार 2 वर्षीय कार्यकाल के लिए 2344 बीएसपी अधिकारी सदस्य नई कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। इसमें अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव सदस्य सीधे चुनेंगे जबकि दो उपाध्यक्ष 2 सचिव और एक सेफी नामिनी का चुनाव निर्वाचित 46 जेडल प्रतिनिधि करेंगे। लिहाजा जेडल प्रतिनिधियों के पदों के लिए भी प्रमुख पदों के दावेदारों व रणनीतिकारों ने अपने पक्ष में सियासी उठा-पटक शुरु कर दी है। नामांकन दाखिले की अंतिम तारीख 6 सितंबर है और वापसी 8 सितंबर तक है। स्कूटनी के बाद शाम 8 बजे तक प्रत्याशियों की सूची ओए आफिस प्रगति भवन के सूचना पटल पर चस्पा कर दी जाएगी। इस बार प्रत्याशियों को प्रचार के लिए मात्र 11 दिन ही मिलेंगे। 19 को मतदान व रात भिलाई क्लब में काउंटिंग बाद अलसुबह परिणाम के आसार हैं। चुनाव अधिकारी बीएसपी के जीएम जेएन ठाकुर, विकास चंद्रा व संदीप झा हैं।

### अब तक यह रहे अध्यक्ष व महासचिव

वर्ष 2001 से अब तक हुए दस चुनाव में सर्वाधिक चार दफा अध्यक्ष पद पर तुलाराम यादव व एनके बंछोर रह चुके हैं। यादव 1 व बंछोर 2 मर्तबा सेफी नामिनी भी रह चुके हैं। वर्ष 2001 से 03 तक अध्यक्ष लखनलाल, महासचिव आलोक झा व कोषाध्यक्ष श्रीकांत तामनकर, 03 से 05 में अध्यक्ष टीआर यादव, महा. पीसी नाहटा, कोष. डीएन करण और 05 से 07 तक अध्यक्ष टीआर यादव, महा. आलोक झा, कोष. एके पांडे रहे। 07 से 09 में अध्यक्ष टीआर, महा. आलोक झा व कोष. एके पांडे, 09 -11 में अध्यक्ष पीसी नाहटा, महा. केडी प्रसाद, कोष. आरपी भोई, 011-13 में अध्यक्ष टीआर, महा. एनके बंछोर, कोष. आरसी भोई, 013-15 में अध्यक्ष केडी प्रसाद महा. केके यादव व कोष. एके पांडे, 015-17 में अध्यक्ष एनके बंछोर,महा. शाहिद अहमद, कोष. अंकुर मिश्रा, 017 -21 में अध्यक्ष एनके बंछोर, महा. शाहिद अहमद, कोष. अंकुर मिश्रा, और वर्ष 2023 से 25 में अध्यक्ष एनके बंछोर महा. शाहिद अहमद व कोष, अंकुर मिश्रा रहे।

## हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने पौधा देकर किया सम्मान

**भिलाई।** हर आंगन एक पेड़ अभियान के तहत आर्टकॉम अपने कला और संस्कृति के क्षेत्र के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए हर रविवार को पौधों रोपण कर वितरण कार्य रही है। संस्था के सदस्यों द्वारा वैशाली नगर क्षेत्र को हरा भरा करने के लिए गदा चौक सुपेला में पौधा वितरण कर पौधे को अपने आंगन में लगाकर पेड़ होते तक जतन करने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान में सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पौधे पाकर बच्चों से लेकर बड़ों तक के चेहरे खिल उठे। लोगो ने कहा कि खासकर वैशाली नगर क्षेत्र में घरों के मकड़ जाल को देखते हुए उससे ज्यादा संख्या में अपने-अपने कालोनियों, वार्ड, स्ट्रीट, गलियों, दुकानों के सामने और पीछे आंगन में



पौधे रोपने कि जरूरत है। पर्यावरण को संतुलित करने के लिए यह बेहद जरूरी है।कार्यक्रम के दौरान सदस्यों द्वारा हेलमेट पहनकर जाने वाले और यातायात नियमों का पालन करने वाले का पौधा देकर सम्मान भी किया गया। इस दौरान संस्था के प्रमुख संरक्षण करमजीत सिंह, अध्यक्ष गुरुनाम सिंह बिन्दर, संस्थापक निशु पांडे, शारदा गुप्ता, नीलकमल सोनी, बंटी नाहर, अमिताभ भट्टाचार्य, मेघा कौर, काजल साहा, सी पी सिंह आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत पाटन के चौक-चौराहे हुये रोशन



**दुर्ग।** जिले के नगर पंचायत पाटन के चौक-चौराहे में प्रकाश की समुचित प्रबंध किये गये हैं। लोक निर्माण विभाग (विद्युत/यांत्रिकी) संभाग दुर्ग के कार्यपालन अभियंता से मिली जानकारी अनुसार पाटन नगर के आत्मानंद चौक से खोरपा मार्ग तक प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उक्त मार्ग में कुल 76 नग 9 मीटर आक्टैगनल पोल एवं 134 नग एलईडी लाईट लगाकर पाटन नगर के आत्मानंद चौक के अतंर्गत सीएसईबी ऑफिस के सामने से लेकर बाजार मार्ग से होते हुए खोरपा चौक तक प्रकाश व्यवस्था किया गया है। बाजार चौक में प्रकाश व्यवस्था हेतु शिफ्टिंग किये गये विद्युत पोल में एलईडी लाईट लगाकर प्रकाश का उचित व्यवस्था किया गया है। नगर के सभी स्ट्रीट लाईट सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। आत्मानंद चौक से खोरपा मार्ग में किये गये विद्युतीकरण कार्य को विभाग द्वारा नगर पंचायत पाटन को हस्तांतरित कर दिया गया है।

### यूथ सिख सेवा समिति ने बच्चों का किया आर्थिक सहयोग

**भिलाई।** यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने 2 बच्चों को दिया छात्रवृत्ति यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के द्वारा 2 बच्चों को छात्रवृत्ति दी गई 1 बच्चा गुरुनानक स्कूल सेक्टर 6 मैं कक्षा 9 का छात्र है जिसके पिछले साल की फीस और इस साल की पूरी फीस 17723 रुपए का चेक बच्चे के घर वालों को दिया गया साथ ही एक बच्चा जो सरस्वती ज्ञान मंदिर कैंप 2 मैं 2 साल पहले 12वीं कक्षा पास कर लिया था बच्चे ने फीस नहीं भरने के कारण उसकी टीसी रोक दी गई थी। अभी कॉलेज मैं एडमिशन के लिए टीसी की जरूरत होने पर यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के छात्रवृत्ति फॉर्म के माध्यम से अध्यक्ष इंदरजीत सिंह से मदद मांगी गई थी जिसे आज 25000 का चेक दिया गया । आज के कार्यक्रम मैं अध्यक्ष इंदरजीत सिंह , महासचिव जसवंत सिंह सेनी , कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष हरनेक सिंह सेनी , सचिव सोम सिंह , खेल खुद समिति से हरजिंदर सिंह और यश सिंह जी मौजूद थे।

### संस्कृत, संस्कृति और संस्कार को बढ़ावा देने विद्यार्थियों और शिक्षकों को किया सम्मानित

**भिलाई।** आर्य समाज सेक्टर -6 में संस्कृत मित्र मंडल द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 390 विद्यार्थियों और 60 से अधिक शिक्षकों का सम्मान उत्कृष्टता के आधार पर किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग, मंडल की अध्यक्ष आभा चौरसिया और मंडल के सदस्य मौजूद रहे। अपने विचार व्यक्त करते हुए अवनी भूषण ने कहा कि संस्कृत के प्रति हमारी और आर्य समाज की प्रतिबद्धता में कोई संदेह नहीं है। महर्षि दयानंद सरस्वती की प्रथम भाषा संस्कृत थी। वे आरंभ में अपने प्रवचन संस्कृत में ही दिया करते थे, लेकिन अधिक से अधिक जनों तक संदेश पहुंचाने के लिए उन्होंने हिंदी का प्रयोग किया और इसे राष्ट्रीय एकता का आधार बताया।

## पेज 11 के शेष

### नगर में उत्पात करने ..

गयी थी। जिससे नागरीक काफी परेशान थे जिसके मद्देनजर पुलिस ने आज बडी कार्रवाई करते हुए उक्त दोनो युवको के उपर प्रतिबंधात्मक धारा में निरूद्ध करते हुए जेल का रास्ता दिखाया है जिससे नगर में अमन व शांति कायम रह सके।

### चोरी का खुलासा, छह ...

भुनेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक खुलेश्वर गायकवार्ड, आरक्षक बालमुकुंद सिंह, रूपेन्द्र वर्मा, गोविंद सिंह, अकाश सिंह सहित पूरे पुलिस स्टाफ का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा।

### 15 सितंबर तक होगा पंजीयन, डीईओ ने 4 ब्लाक के प्राचार्यो की ली बैठक

# इंस्पायर अवार्ड के लिए प्रत्येक स्कूल में 5 छात्रों का पंजीयन करना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शहर के बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के अंतर्गत जिले के चारों विकासखंड के प्राचार्यों की आवश्यक बैठक रखी गई। इस बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी और महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाने विस्तार से चर्चा की गई और रणनीति बनाई गई।

- संकुल प्राचार्य अपने अधीनस्थ विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग करें

इसके साथ-साथ उनके क्रियान्वयन के आवश्यक दिशा निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चतुर्वेदी ने दिये। इस बैठक की शुरुआत सहायक संचालक बेमेतरा एसपी कोशले ने की। सहायक संचालक कोशले ने कहा कि इंस्पायर अवार्ड में हर विद्यालय से कम से कम पांच विद्यार्थियों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराना है और 15 सितंबर तक इसे पूर्ण करना है। अभी बालिकाओं के लिए निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिलों का वितरण हो रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से यह कार्य करवाना है और फोटोग्राफ्स प्राचार्य ग्रुप में भेजना है। अब से स्कूलों में जो भी कार्यक्रम होगा, उसमें मुख्य अतिथि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को ही बनाना है।

**सूचना पंजी में डीईओ के निर्देशों को अंकित करना होगा:** विद्यालय के सूचना पंजी में जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशों को अनिवार्य रूप से लिखना है और पालन नहीं करने पर कार्रवाई के लिए स्वयं जिम्मेदार रहेंगे। विद्यालय के सभी मदों की कैश बुक को संधारण करके रखना है। सभी कार्य को पूरी इमानदारीपूर्वक, समय पर पूर्ण करना है। सहायक संचालक एसपी कोशले ने विद्यार्थियों के अनुशासन पर ज्यादा जोर देने की बात कही। शिक्षक शिक्षिकाओं की वेशभूषा भी गरिमामय एवं मर्यादित हो। इस बात का ध्यान रखें। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को अपना अवकाश ऑनलाइन करना है। इसी तरह सेवा पुस्तिका को भी पूर्ण करवा कर रखना है। शिक्षक दैनिंदनी रोज एवं अनिवार्य रूप से बनावे और इसी के आधार पर आप अध्यापन कार्य करें। इसी तरह से स्काउट गाइड, रेडक्रास, क्रीडा अंशदान की राशि को जमा करना है। स्काउट गाइड की 60 प्रतिशत की राशि डीईओ में देना है। इसमें राज्य और विकासखंड शिक्षा अधिकारी का अंशदान अलग-अलग बनाकर भेजना है।

**10 सितंबर तक छात्रों की प्रोफाइल करें पूर्ण :** प्रोग्रामर नेहिल वर्मा ने कहा कि पाठ्य पुस्तक वितरण के संबंध में आसपास के स्कूलों में दिया जा सकता है। अपार आईडी जहां तक संभव हो सके सबका बनाना है। 10 सितंबर तक स्टूडेंट प्रोफाइल को पूर्ण करना है। स्कूल की दर्ज संख्या एवं यू डाइस की संख्या एक समान होना है। यूडाइस के के तीनों स्टेप को पूर्ण करें। विद्यार्थी प्रोफाइल को पूर्ण करना आवश्यक है। एमआईएस प्रशासक खिरावन वर्मा ने शिक्षा मंत्री के बीस बिंदुओं के निर्देशों पर चर्चा की। युवा एवं इको क्लब का रजिस्ट्रेशन कर गठन की गतिविधियों को अपलोड करना है। संकुल प्राचार्य अपने अधीनस्थ संकुल एवं संबंधित विद्यालय का भी पूर्ण करें। शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम पर तथा स्वच्छ एवं हरित विद्यालय का पंजीयन पूर्ण करना है। स्वच्छ एवं हरित विद्यालय तथा एक पेड़ मां के नाम में सभी विद्यालय को शामिल होना अनिवार्य है। 5 सितंबर तक संकुल तक पूर्ण करना है वन विभाग, पंचायत विभाग, खनिज विभाग आदि से पौधे की व्यवस्था करके सभी बच्चों से पेड़ लगवाना है। जिन विद्यालयों में आईसीटी की व्यवस्था है उन विद्यालयों में विषय शिक्षक नहीं होने पर वहां इससे अध्यापन कार्य कर सकते हैं।

इस प्रकार सभी आवश्यक दिशा निर्देश समस्त प्राचार्य को प्रदान किया गया। आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी जी आर चतुर्वेदी, सहायक संचालक एसपी कोशले, प्रोग्रामर नेहिल वर्मा, एमआईएस प्रशासक खिरावन वर्मा, प्राचार्यो में ठाकुर दास जांगड़े, पुकल राम सप्रे, दिलीप सिंह ठाकुर, राजेश ठाकुर, हिरऊ ध्रुव, कविता वाचपेयी, सिलोचन साहू, उमाशंकर साहू, लक्ष्मीनारायण गायकवाड़, धर्मेंद्र ग्वालवंशी, नलेश्वर साहू, रम्भा पर्सभद्रे, रामकृष्ण साहू, मैना अनंत, संजय शर्मा सहित 167 प्राचार्य उपस्थित थे।





#### संकुल प्राचार्य अधिनस्थ स्कूलों की मॉनिटरिंग करेंगे

संकुल प्राचार्य अपने अधीनस्थ स्कूलों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करेंगे और निरीक्षण प्रतिवेदन विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भी स्कूलों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करेंगे। संकुल प्रभारी और संकुल समन्वयक यह सुनिश्चित करें कि संकुल के अंदर के सभी स्कूल समय में खुले और समय में बंद हो।निरीक्षण करते समय मध्यान भोजन का भी निरीक्षण करें। निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत भर्ती किये गए विद्यार्थियों के बारे में जानकारी रखें। जिला शिक्षा अधिकारी जी आर चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा गुणवत्ता वर्ष 2025 में हर विद्यालय 90 प्लस की योजना बनावें। इससे परीक्षा परिणामों में निश्चित रूप से सुधार होगा। कक्षा में 20 प्रतिशत होशियार, 50 प्रतिशत सामान्य और 30 प्रतिशत कमजोर विद्यार्थी होते हैं। इस पर ध्यान देंगे तो संस्था का परिणाम निश्चित रूप से सुधरेगा।

## रामलला दर्शन योजना के तहत जिले से 62 श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत जिले से चयनित 62 श्रद्धालुओं (02 अनुरक्षक सहित) का दल अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। सुबह 7 बजे कलेक्टोरेट भवन के दृष्टि सभाकक्ष में सभी श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।इसके पश्चात 7:30 बजे सीईओ जिला पंचायत प्रेमलता ने कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं के बस को रवाना किया।इस दौरान श्रद्धालुओं को पुष्प भेंटकर उन्हें श्री रामलला दर्शन हेतु बधाई दी गई।

- सीईओ जिला पंचायत श्रीमती प्रेमलता ने दिखाई हरी झंडी, श्रद्धालुओं में उमड़ा उत्साह और आस्था

इस मौके पर सीईओ ने सभी श्रद्धालुओं को सकुशल यात्रा की बधाई देते हुए कोई भी दिक्कत होने पर अपने सहयोगी एवं कर्मचारियों से तुरंत सम्पर्क करने का आग्रह किया। भगवान श्रीरामलला दर्शन करने जिले के श्रद्धालुओं को प्रशासन द्वारा राजनांदगांव तक बसों के माध्यम से भेजा गया। वहां से वे विशेष रेलगाड़ी द्वारा अयोध्या धाम पहुंचकर भगवान श्रीरामलला के दर्शन करेंगे।यात्रा के दौरान शासन द्वारा सभी श्रद्धालुओं को निःशुल्क यात्रा, भोजन, आवास एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।दर्शनार्थियों ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय अवसर बताते हुए प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।जिले के नागरिकगण भगवान श्री राम राम लला दर्शन के लिए रवाना हुए। दर्शनार्थियों को अयोध्या में भगवान श्री राम की कृति देखने का दुर्लभ लाभ प्राप्त होगा। यह दल 6 सितम्बर 2025 की देर रात तक बेमेतरा वापस लौटेगा। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशासन ने सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधाओं की सभी तैयारियां सुनिश्चित की हैं।

## शिक्षक सम्मान की तैयारी अंतिम चरण में



**बेमेतरा।** आगामी 6 सितम्बर को बेमेतरा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारियों का जायजा लेने विधायक दीपेश साहू ने कृषि मंडी प्रांगण का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी गैदराम चतुर्वेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामिनी महिलांगे, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। विधायक ने अधिकारियों को मंच, सजावट, अतिथि स्वागत, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की बैठने की व्यवस्था तथा जलपान की सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि "शिक्षक समाज की सच्ची धरोहर हैं। उनका मार्गदर्शन और संस्कार ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। शिक्षक सम्मान समारोह का उद्देश्य गुरुजनों के योगदान को नमन करना और उन्हें सम्मानित करना है।"

## महिला उद्यमियों को जोड़ने बेसलाइन स्टडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

महिलाओं के सपनों को अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से जिला इनक्यूबेशन हब में एक दिवसीय बेसलाइन स्टडी का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दुर्ग प्रशासन, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज इनक्यूब फाउंडेशन तथा कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इस विशेष आयोजन में स्थानीय महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। लगभग 80 महिलाएँ की 8 स्व-सहायता समूहों तथा 12 व्यक्तिगत महिला उद्यमियों ने पूरे दिन गहन संवाद और विचार-विमर्श में हिस्सा लिया। इस संवाद का उद्देश्य महिलाओं की वास्तविक चुनौतियों, जमीनी हकीकतों और उनके सामने आने वाली उद्यमशील कठिनाइयों को समझना तथा उन्हें अवसरों से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करना था। दिनभर चलने वाले इस आयोजन को कई समाजसेवियों और प्रेरक हस्तियों की उपस्थिति ने और भी ऊर्जा प्रदान की। इनमें एडीके मेकर्स प्रा. लि. के संस्थापक एवं जिला इनक्यूबेशन हब के अग्रणी इनक्यूबी राहुल धिंगरा, गुरुग्राम की समाजसेवी रंजना यादव, दुर्ग की कंचन सिंह और आगा खान सोशल




#### महिलाओं के सपनों को अवसरों से जोड़ा

महिलाओं के व्यावसायिक विचारों को इनोवेशन आधारित मॉडल में बदलने में सहयोग। आधुनिक तकनीक, डिज़ाइन थिंकिंग और डिजिटल टूल्स से महिला उद्यमियों को प्रशिक्षित करना। उनके उत्पादों और सेवाओं को नए बाज़ारों तक पहुँचाने के लिए नेटवर्किंग और ब्रांडिंग सपोर्ट। वित्तीय प्रबंधन और निवेश तक पहुँच दिलाने में मार्गदर्शन। इस तरह एडीके मेकर्स महिलाओं के उद्यम को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक ले जाने में एक मज़बूत हस्तक्षेप कर सकता है। महिला उद्यमियों ने भी अपने अनुभव और कठिनाइयाँ साझा करते हुए कार्यक्रम को सार्थक बनाया। कई महिलाओं ने यह स्वीकार किया कि वे लंबे समय से छोटे व्यवसायों को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन संसाधनों और मार्गदर्शन की कमी के कारण ठहराव महसूस कर रही थीं। यह आयोजन उनके लिए नए विचार, संपर्क और हौसला लेकर आया। कार्यक्रम का समापन जिला इनक्यूबेशन हब के प्रोग्राम मैनेजर समीरन मित्रा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि महिला उद्यमियों को दीर्घकालिक अवसरों से जोड़ने की यात्रा का आरंभ है। इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि जब महिलाओं के सपनों को अवसरों से जोड़ा जाता है।

## विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में चैंबर ऑफ कॉमर्स की महत्वपूर्ण भूमिका

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जिन्दगी न मिलेगी दोबारा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर युवाओं को प्रेरणादायी संदेश दिया। विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में चैंबर ऑफ कॉमर्स की महत्वपूर्ण भूमिका विधायक ललित चंद्राकर रूआबांधा भिलाई स्थित सेंट थॉमस कॉलेज में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़, भिलाई इकाई द्वारा आयोजित ज़िंदगी न मिलेगी दोबारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए और छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में चैंबर ऑफ कॉमर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। अजय भसीन के नेतृत्व में चैंबर ऑफ कॉमर्स लगातार कार्यशाला आयोजित कर स्वदेशी वस्तु अपनाने और युवाओं को उद्यमी बनने की दिशा में काम कर रही है। चंद्राकर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें। अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाकर चलें और उसके लिए दिन-रात मेहनत करें। आपको सफलता जरूर मिलेगी। इस अवसर पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स से अजय भसीन, डॉ संकल्प राय, संजय चौबे, सुमन कन्नौजिया, मनोहर कृष्णवाणी, डॉ शाइनी मेंडोंसे, डॉ एस पी वर्गिस, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भगवान का प्रसाद मानकर करें भोजन : सांसद विजय



**दुर्ग।** श्री राधा कृष्ण मंदिर महेश कालोनी द्वारा संचालित शुद्ध भोजन श्री राम रसोई का नया केंद्र मंगलवार को सेक्टर-4 दुर्गा मंदिर परिसर, बोरिया गेट परिवार में सांसद विजय बघेल के द्वारा पूजा-अर्चना के साथ विधिवत उद्घाटित हुआ। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल के साथ चतुर्भुज राठी, कृष्ण कुमार, रामफल शर्मा, ललित मेक्सरियार, राजू फोफलिया, मनोज बाघेला, बाबू जैन, श्याम तिवारी, शरद राठी, सुखदेव राठी, मनोज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। राम रसोई का विस्तार आयोजक चतुर्भुज राठी ने जानकारी दी कि राम रसोई की शुरुआत 15 जून से हुई थी। प्रारंभ में 6 केंद्रों से शुरू हुई यह सेवा अब 20 केंद्रों तक पहुँच चुकी है। इनमें 12 दुर्ग, 4 राजनांदगांव, 2 गुंडरदेही, 1 भिलाई पावर हाउस और आज उद्घाटित सेक्टर-4 केंद्र शामिल है। अब तक लगभग 8 लाख लोग राम रसोई से भोजन ग्रहण कर चुके हैं। प्रतिदिन औसतन 3500 लोगों का भोजन तैयार होता है।

## शिक्षकों और जिले के टॉप 12 विद्यार्थियों का सम्मान 5 सितंबर को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पिछले एक वर्ष पूर्व जिला भर के 74 सेवानिवृत्त शिक्षकों जिसमें बेरला विकासखंड से 24, बेमेतरा से 19, नवागढ़ से 13 व साजा से 18 शिक्षकों का सम्मान व जिला के मेरिट स्थान प्राप्त करने वाले 12 विद्यार्थियों का सम्मान समारोह पूर्व विधायक विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा अवधेश सिंह चन्देल द्वारा 5 सितम्बर बेरला मंडी प्रांगण में रखा गया है। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ संजय तिवारी कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, छत्तीसगढ़ विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर जीए घनश्याम संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर छत्तीसगढ़ होंगे। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विशिष्ट अतिथि व कार्यक्रम के संयोजक के हाथों सम्मानित होने वाले शिक्षक बेरला नीलकंठ साहू, ठाकुर राम कुर्रे, राम गुलाल भारती, संपत लाल पाटिल, टेकराम राम ठाकुर, हेमंत कुमार शर्मा, उमाशंकर साहू, मिन्हाज अहमद खान, युगल किशोर साहू, प्रेमदास महिलांगे, दयाराम वर्मा, भूपेंद्र कुमार परगनिहा, सेखु राम साहू, मेमलाल निषाद, गोवर्धन प्रसाद वर्मा, आजु राम साहू, बलदाऊ पटेल, प्रवीण कुमार वर्मा, हरिराम शिवारे, धीरदास मानिकपुरी, दानेश्वर लाल साहू, कांति देवांगन, तेन सिंह वर्मा, मन्थीर राम धुर्वे होंगे। इसके अलावा बेमेतरा से बांके बिहारी गुप्ता, ओभन कुमार साहू, अब्दुल चतुवेदी, रामकुमार भास्कर, पुरुषोत्तम सोनी, पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, कार्तिक राम दिवाकर को सम्मानित होगी। नवागढ़ से सुमंत किशोर वैष्णव, प्रेमा श्रीवास्तव, हिरानी राम निषाद, हसमुद्दीन फारुखी, रिखी राम ठाकुर, सनक प्रकाश महिलांगे, गोवर्धन लाल नवरत्न, शिवकुमार साहू, शब्बीर हुसैन, हिरदेदास वैष्णव, रितु साहू, चंदन, आकृति गोयल, कुणाल कुर्रे, अंजू, लुकेश भारती।

### स्कूलों में हो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, महतारी सदन का निर्माण उपयुक्त स्थान पर हो

# डबल लॉक में उपलब्ध यूरिया खाद किसानों को वितरित कराएं : राठौर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

संभागायुक्त एसएन राठौर ने मंगलवार को संभाग कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा यूरिया खाद की मांग को ध्यान में रखते हुए संभाग अंतर्गत जिलों के डबल लॉक में उपलब्ध यूरिया खाद सहकारी समितियों के माध्यम से मांग के आधार पर किसानों को वितरण कराई जाए। उन्होंने संयुक्त संचालक कृषि को विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निजी उर्वरक दुकानों के सतत निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। साथ ही यूरिया खाद की बिक्री निर्धारित दर से अधिक ना हो इस पर विशेष ध्यान देने कहा। अनियमितता पाए जाने पर जब्त खाद को भी समय पर किसानों को वितरित कराया जाए। राठौर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण पश्चात स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था हो गई है। शिक्षक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देवे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संयुक्त संचालक शिक्षा को गैर-शिक्षकीय कार्यों के लिए शिक्षकों का संलग्नीकरण अन्यंत्र कार्यालयों में नहीं करने के निर्देश दिए। शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री आदि न हो यह सुनिश्चित किया जाए। नव प्रवेशी स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र समय पर बनाए जाए।



#### जिला ग्रंथालय में हो बेहतर व्यवस्था

राठौर ने जेआरडी स्कूल के पास स्थित जिला ग्रंथालय में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने संयुक्त संचालक शिक्षा को निर्देशित किया। उन्होंने आरईएस द्वारा ग्राम पंचायतों में बनाए जा रहे महतारी सदन की जानकारी लेते हुए कहा कि महतारी सदन का निर्माण उपर्युक्त स्थान पर हो, जहां गांव की महिलाएं आ-जा सके। राठौर ने अधीक्षण अभियंता जल संसाधन से संभाग के जलाशयों में जल भराव की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में फसल सिंचाई हेतु किसानों की मांग है, वहां नहरों से पानी छोड़ा जाए।

#### नशामुक्ति के लिए जनजागरुकता रैली

संभागायुक्त राठौर ने मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए शहरों के अलावा गांवों में भी जन-जागरूकता रैलियां आयोजित करने कहा। शहरी क्षेत्रों में यह रैली नियमित हो, जिसमें आईटीआई, पॉलिटेक्निक, स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को शामिल किया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के महत्वपूर्ण संकेतकों तथा शत-प्रतिशत एफएचटीसी प्राप्त करने वाले पंचायतों-ग्रामों की प्रगति की जानकारी ली। पीएचई विभाग के अधिकारी ने बताया कि मिशन अंतर्गत कार्य पूर्ण होने पर 797 गांवों को योजना हैंड ओवर कर दी गई है। इसी प्रकार 2900 गांवों में पेयजल सप्लाई किया जा रहा है। इन गांवों को हैंड ओवर नहीं किया गया है। सहकारिता विभाग के संयुक्त पंजीयक ने अवगत कराया कि पंचायतों को एक प्राथमिक सहकारी समिति से जोड़ने का कार्य प्रगतिरत है। संभाग के कुल 2 हजार 444 ग्राम पंचायतों में से 1109 ग्राम पंचायतों को समितियों द्वारा कव्हर किया गया है। इन पंचायतों में दुग्ध, मत्स्य एवं वनोपज समितियों के गठन को प्राथमिकता दी गई है। संभागायुक्त राठौर ने सीजीएमएससी द्वारा निर्मित भवनों की जानकारी ली और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों पर की गई विभागीय कार्यवाही की भी समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त राजस्व पद्मुमलाल यादव, उपायुक्त विकास संतोष ठाकुर सहित समस्त विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## हर दिन हर घर आयुर्वेद' थीम पर जागरुकता कार्यक्रम प्रारंभ



**दुर्ग।** छग राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आयुष विभाग दुर्ग द्वारा 1 से 21 सितम्बर तक 'हर दिन हर घर आयुर्वेद' थीम पर विविध आयुर्वेदिक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान की शुरुआत भगवान श्रीधन्वंतरी की पूजा-अर्चना से की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पाम्पलेट वितरण कर आगामी 21 दिनों तक चलने वाले आयुर्वेद संबंधी आयोजनों की जानकारी दी गई। आज जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से आम जनता को आयुर्वेद के महत्व और उपयोगिता के प्रति जागरूक किया गया।

## खबर संक्षेप



### एसडीएम भारद्वाज ने प्रधान मंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत कराया न्योता भोज

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एंव माध्यमिक शाला बावा मोहतरा में बुधवार प्रकाश भारद्वाज, अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) के द्वारा प्रधान मंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत न्योता भोजन कराया गया। बच्चों को पूरक पोषण आहार के रूप खीर, पुड़ी, छोले और फल प्रदाय किया गया। संस्था के लगभग 300 बच्चे पूरक पोषण आहार से लाभान्वित हुए। उक्त कार्यक्रम में तामेश्वर देवदास(सरपंच), खुमान देशमुख आरआई बेमेतरा, कामिनी महिलांग विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा, राजेंद्र साहू बीआरसी बेमेतरा, दिग्विजय घृतलहरे संकुल समन्वयक, शरद साहू, केंद्रीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, घनश्याम साहू ,श्रवण सोनकर उपस्थित थे।

### कुणाल का चयन आईआईटी जोधपुर में हुआ

**बेमेतरा।** नगर के होनहार छात्र कुणाल साहू का चयन आईआईटी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान



जोधपुर में मैकेनिकल ब्रांच में हुआ है प्रारंभ से ही मेधावी रहे कुणाल ने अपनी शिक्षा श्री शंकरा विद्यालय भिलाई, केंद्रीय विद्यालय दुर्ग एवं केडी पब्लिक स्कूल दुर्ग से शिक्षा प्राप्त कर जेईई एडवांस में सफलता अर्जित कर देश के कठिनतम परीक्षा उत्तीर्ण कर समाज एवं अचल का नाम गौरवान्वित किया है। कुणाल साहू नगर के सिंघोरी वार्ड निवासी हितेंद्र साहू सिविल ठेकेदार एव अंजु साहू के सुपुत्र है। राजू साहू पार्षद लोकेश्वर साहू ने हर्ष व्यक्त किया।

### वेतन विसंगति दूर होने की राह ताक रहे ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक

**बेमेतरा।** स्वास्थ्य मंत्री का बेमेतरा आगमन में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के माध्यम से ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको के वेतन विसंगति दूर करने के लिए भेंट कर पत्राचार किया गया था। लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुआ है। जिससे स्वास्थ्य संयोजको में निराशा हैं और अपने सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं जिसमें प्रत्येक छमाही में आयोजित होने वाला शिशु संरक्षण माह इस बार 29 अगस्त से 30 सितम्बर तक आयोजित होना हैं। जिसमें जिले के सभी 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों कों एनीमिया से बचाव के लिए आयरन सिरप सप्ताह में दो बार और 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों कों आंख की बीमारी रतौन्धी रोग से बचाव के लिए विटामिन ए कि एक खुराक पिलाने के लिए सभी गांव गांव में शिविर आयोजित किया जा रहा हैं और बच्चों कों शिविर के माध्यम से बीमारियों से बचाने के लिए टीका लगाकर प्रतिरक्षित किया जा रहा हैं और स्वास्थ्य शिक्षा दिया जा रहा हैं। स्वास्थ्य विभाग के सभी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको द्वारा शिविर के माध्यम से सभी कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा हैं।

### कोस्टा रिसोर्ट के मालिक के खिलाफ जुर्म हुआ दर्ज

**भिलाई।** कोस्टा रिसोर्ट में बीते 25 नवंबर को शादी समारोह के दौरान एक आठ वर्षीय बच्चे की स्वीमींग पूल में डूबने से मौत हुई थी। घटना जांच कर रही पुलिस ने बताया कि जांच में पाया गया है कि कोस्ट रिसोर्ट संचालक हेमंत देवांगन ने प्रथम तल में बने स्वीमींग पूल की गहराई 8 फीट रखी है। पूल का निर्माण लापरवाही पूर्वक किया गया है। इसे लेकर पुलिस ने संचालक के खिलाफ धारा 106 (1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। बोरी पुलिस ने बताया कि कुशालपुर चौकी प्रोफेसर कालोनी रायपुर निवासी मृतक लोकेश देवागंन 8 वर्ष शादी कार्यक्रम में खेलने के दौरान स्वीमिंग पुल में भरे पानी में गिरने उसकी मौत हो गई। दुर्ग जिले के दनिया स्थित कोस्टा रिसार्ट के संचालक हेमंत देवांगन द्वारा बनाए गए स्वीमींग पुल में लापरवाही पाई गई है। घटना की शिकायत सिकोलाभाठा मोहन नगर दुर्ग हाल कुशालपुर चौक प्रोफेसर कालोनी निवासी राजकुमार देवागंन ने की।

# बारिश ने दी थोड़ी राहत, पर सूखे का संकट कायम, किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

मंगलवार की शाम बादलों ने आखिरकार थोड़ी रहमदिली दिखाई। करीब 22 मिमी बारिश हुई और किसानों की आंखों में उम्मीद की बूंदें टपकीं। खेतों की दरारें कुछ भर गईं, धान की पत्तियों पर हरियाली झलकने लगी। किसानों ने राहत की सांस ली, मगर ये राहत ज्यादा दिन चलेगी, ऐसा कोई दावा नहीं कर सकता। 295 मिमी तक अटकी बारिश, जबकि होनी थी 456 मिमी। कृषि विभाग के आंकड़े बताते हैं कि नवागढ़ ब्लॉक में अब तक 456 मिमी बारिश हो जानी चाहिए थी, लेकिन हुई महज 295 मिमी। यानी औसत से करीब 35 प्रतिशत कम। पिछले 10 साल का रिकॉर्ड देखें तो यहां औसतन 834 मिमी बारिश होती रही है। इस साल आधे आंकड़े तक पहुंचना भी चुनौती जैसा लग रहा है।

**जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय का बयानः** किसानों की हालत बेहद गंभीर है। मैंने प्रशासन से किसानों की फसल बचाने और सिंचाई की आपात व्यवस्था करने की मांग की है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि किसान की मेहनत पर पानी फिरने न पाए। सरकार और प्रशासन को अब तत्काल कदम उठाने होंगे। एसएडीओ आर. चर्तुवेदी ने कहा कि बारिश से थोड़ी राहत जरूर मिली है। यदि आगे और अच्छी वर्षा हुई तो फसल बच सकती है। प्रशासन से आदेश मिलते ही आगे की कार्रवाई होगी।

## पिछले 10 साल का रिकॉर्ड 834 मिमी, इस बार आधे तक पहुंचना भी मुश्किल



### खेतों की सच्चाईः धान पीलापन ओढ़े, बढ़वार थमी

इस बार खरीफ सीजन में नवागढ़ ब्लॉक के 188 गांवों में 51,255 हेक्टेयर में खेती हुई, जिसमें 48,828 हेक्टेयर में धान बोया गया। अब तक 80 प्रतिशत खेत सूखे की मार झेल चुके हैं। रोपा वाले खेतों में पत्तियां पीली पड़ चुकी हैं। कतार बोआई वाले पौधे ठिठक कर खड़े है। नांदघाट में थोड़ी राहत, बाकी गांव संकट में नांदघाट क्षेत्र में रुक-रुककर बारिश हुई, जिससे वहां फसल अभी तक टिकी हुई है। लेकिन नवागढ़, सम्बलपुर, अंधियारखोर, प्रतापपुर, झाल और आसपास के गांवों में हालात गंभीर बने हुए हैं।



## सियासत : जनता के बीच लोकप्रिय कार्यकर्ताओं को ही बनाएंगे पदाधिकारी

# मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर युद्ध स्तर पर जुटे आशीष छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने का संदेश

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा जिले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सभी विधानसभा क्षेत्रों में मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर बहुत ही गंभीर है तथा मंडल कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर आशीष छाबड़ा द्वारा युद्ध स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं। मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सूरजपुरा सांकरा भिभौरी गुधेली क्षेत्र में मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर कांग्रेस जनों की बैठक ली तथा इन बैठकों में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि अबकी कांग्रेस कमेटी पूर्व की तरह ऐसी कमरों में बैठकर तथा पैराशूट लैंडिंग से उतरे हुए नेताओं को लेकर नहीं बनाई जाएगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का स्पष्ट निर्देश है कि मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन संबंधित मंडल तथा सेक्टर क्षेत्र में कार्य करने वाले जनता के बीच लोकप्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ही पदाधिकारी बनाया जाए। जिससे वे क्षेत्र की समस्याओं के प्रति सजग रहे जनहित की लड़ाई लड़ने में सक्षम रहे कांग्रेस की रीति नीति को आत्मसात करने वाला जो देश के संविधान पर विश्वास करता हो तथा गरीबों किसानों एवं दलित वर्गों, पिछड़े वर्गों की लड़ाई लड़ने को उत्सुक हो ऐसे कर्मठ कार्यकर्ता को ही मंडल कांग्रेस कमेटी में पदाधिकारी बनाया जाएगा।

साथ ही साथ पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने सभी कार्यकर्ताओं को बताया कि कांग्रेस के मार्गदर्शन तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बिहार में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान प्रारंभ कर चुके हैं आम जनता का उन्हें अपार जन समर्थन मिल रहा है और इस जन आंदोलन को हमें भी अपने छत्तीसगढ़ अपने बेमेतरा जिले में आम जनता के बीच लेकर जाना है। आम जनता को यह बताना है कि भाजपा के लोग किस तरह से वोट चोरी करते हैं और लोकतंत्र का गला घोटकर बेनामी में सत्ता शासन चला रहे हैं बैठक के इस अवसर पर ललित विश्वकर्मा रवि परगनिहा रामेश्वर देवांगन भरत पटेल प्रवीण शर्मा चंद्र विजय धीवर नेतराम निषाद राधे ध्रुव संदीप राजपूत, विनोद परगनिहा कमलेश वर्मा कृष्णा चतुर्वेदी चंद्रशेखर परगनिहा टिकेंद्र परगनिहा चंद्र प्रकाश परगनिहा अर्पित परगनिहा सुमित राजपूत प्रकाश यादव, उत्कल धीवर, दुलारी वर्मा, नरेंद्र धीवर, मोहित साहू, अर्चना देशलहरे, मोनल सिन्हा, विक्की साहू गीता साहू, नारायण पाल, बबली सोनवानी, जागेश्वर पटेल, जितेंद्र जोशी, डेविड महिलांग, बलदाऊ पटेल, नरेंद्र धीवर प्रवीण शर्मा,चेतन बंजारे राजेंद्र वर्मा रामस्वरूप वर्मा, अनिल वर्मा, गनेंद्र साहू, उत्तम पाटील, निलेश वर्मा ,बलराम पटेल राजकुमार पारकर, सहदेव सिन्हा, लवकुश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति का होगा प्रभावी क्रियान्वयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेनेतरा

■ कार्यशाला में विशेषज्ञ व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से दे रहे प्रशिक्षण

छत्तीसगढ़ में राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन 2 से 4 सितंबर तक किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यालय प्रशासन और प्रबंधन को मजबूत करना है।

यह कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालय परिसरों के प्रभावी संचालन और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने पर केंद्रित है। आत्मानन्द विद्यालय की प्राचार्य सुदेश चटर्जी ने बताया कि, कार्यशाला में मुख्य तौर पर विद्यालयों का प्रभावी प्रशासन और प्रबंधन विषय है। वही इसका उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में प्रशासनिक पारदर्शिता, बेहतर प्रबंधन और शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करना, इस कार्यशाला में राज्यभर से चयनित संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य और प्रोफेसर, समग्र शिक्षा के अधिकारी की मौजूदगी पर शैक्षिक नेतृत्व, विद्यालय प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्र हित में नवाचार और विद्यालय परिसरों के प्रभावी क्रियान्वयन विषय पर चर्चा ओर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। यह कार्यशाला का आयोजन छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, ग्रामीन संपर्क प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र , अटल नगर, रायपुर में किया जा रहा है।

इसका उद्देश्य राज्य के शिक्षा प्रणाली में सुधार लाना और विद्यालयों को अधिक प्रभावी बनाना है। कुछ इसी तरह की कार्यशालाएं अन्य राज्यों में भी आयोजित की जा रही हैं, जैसे कि उत्तराखंड में आरटीआई एक्ट 2009 पर कार्यशाला आयोजित की गई थी।

# गणेश आरती में राम धुनि की मंडली ने बांधा समां, नगर हुआ भक्तिमय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

मंगलवार की शाम नवागढ़ नगर आस्था, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम बना। मुख्य बस स्टैंड परिसर में विराजित गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष आरती का आयोजन हुआ, तो दूसरी ओर बरसते पानी में भी राम धुनि की मंडली ने भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रद्धालु बारिश को भूलकर भक्ति रस में सराबोर हो गए।

गणेश आरती में नवागढ़ नगर के प्रमुख विकास धर दीवान ने भी शिरकत की। श्रद्धालुओं के साथ मिलकर उन्होंने भगवान गणेश की आराधना की और नगर की खुशहाली की प्रार्थना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भक्ति से ही नगर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं और श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम। दोनों की आराधना नगरवासियों को एकजुट कर समाज में प्रेम और सद्भावना का संदेश देती है। गजानन के आशीर्वाद से बरसते पानी में भी श्रद्धालुओं का जो उत्साह देखने को मिला, वह नवागढ़ की धार्मिक आस्था और जीवंत संस्कृति का परिचायक है।

आरती के समय पूरा परिसर भक्तिमय नजर आया। ढोल-नगाड़ों की थाप, भजन-कीर्तन और पटाखों की गूंज से माहौल रौनक से भर गया। इस दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, रोशन धर दीवान, सुरेश निषाद, तनु दीवान, राकेश यादव, शुभम मराठा, हिमांशु चौबे, राजेश, सूरज, घोसु निषाद, रामकुमार निषाद, संतोष यादव, पुनीत निषाद सहित भक्तजन उपस्थित रहें।

# जलझूलनी एकादशी पर भगवान को कराया नौका विहार

**थानखम्हरिया।** इस वर्ष भी डोल एकादशी पर राधा कृष्ण जमात मंदिर महंत बसंत बिहारी दास के सानिध्य में भगवान को नगर भ्रमण कराया गया। डोल ग्यारस, जल झूलनी ग्यारस पर भगवान को आसन में विराजमान कर, श्रद्धालुओं के द्वारा जगह-जगह भगवान का स्वागत किया गया।

इस दौरान डोल में विराजे भगवान को स्नान करा कर विशेष पूजा अर्चना, जलाभिषेक किया गया। इस दौरान भगवान को रास्ते में जगह-जगह लोगों ने आरती कर दर्शन किए। इसके बाद भगवान को तालाब घाट पर पालकी को नौका में विराजमान कर भगवान का नौका विहार कराया गया। जिसे देखने आसपास के वार्ड वासी सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर महंत बसंत बिहारी दास ने बताया, डोल एकादशी को जल झूलनी एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के विग्रहों को जल स्त्रोतों तक ले जाकर जल विहार कराया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु अपने शय्या पर करवट बदलते हैं।

इस वजह से इस परिवर्तन एकादशी भी कहते हैं। इस एकादशी को पदमा एकादशी, जल झूलनि एकादशी और डोल ग्यारस के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन व्रत करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर पंडित ओमप्रकाश जोशी, रामावतार मिश्रा, अनिल सिंघानिया, गजराज सिंह राजपूत, देवेंद्र तिवारी, राज शर्मा, नंदकुमार वैष्णव, मुकेश सिंघानिया, श्यामा सिंघानिया, महेश शर्मा, गोविंद शर्मा, दुर्गा सिन्हा,रामेश्वर उपाध्याय उपस्थित थे।



# हाई स्कूल भरदा में एलुमनी मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

■ होनहार भूतपूर्व छात्रों ने सुनाए अनुभव

वर्ष 2025-26 छत्तीसगढ़ राज्य के लिए ऐतिहासिक अवसर है। जब इस वर्ष को छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहे है। रजत जयंती वर्ष के आयोजन हेतु स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई। रूपरेखा के अनुसार जिला के स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी तारतम्य में ग्राम भरदा के शासकीय हाई स्कूल में भूतपूर्व छात्रों के लिए एलुमनी मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद सदस्य सरोज यादव, सरपंच हीराधर निषाद, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष तारकेश्वर निषाद को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम के बारे में संस्था के प्राचार्य विकेश कुमार यादव ने बताया कि वर्ष 2000 में भारत का 26वां राज्य बना। तब से निरंतर छत्तीसगढ़ राज्य ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखते हुए विकास के लक्ष्यों को हासिल कर देश में एक विशिष्ट पहचान बनाने में सफलता हासिल किया है। रजत जयंती वर्ष के आयोजन का



उद्देश्य राज्य की उपलब्धियों को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाना है। इस आयोजन में युवा, महिला, किसान समेत समस्त नागारिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए वर्ष 2050 के भावी छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करना है। आज के छात्र ही कल के भावी नागरिक और राज्य के नेतृत्वकर्ता बनेंगे। बाल सांसदों ने आमंत्रित सभी भूतपूर्व छात्रों का फूलमाला से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम हेतु 30 से ज्यादा भूतपूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया था। ग्राम भरदा व लावतरा के छात्र पॉलिटेक्निक, आई टी आई, महाविद्यालयीन शिक्षा, मेडिकल प्रशिक्षण आदि विभिन्न पाठ्यक्रमों में चयनित होने में सफल रहे है। उन्होंने अपने अनुभव को बताया और स्कूल के दिनों के यादगार किस्से सुनाए। कान्हा, पायल, भुनेश्वरी, अमन और कुंदन के सुनाए अनुभव से बाकी छात्रों को प्रेरणा मिली। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों ने समस्त छात्रों के मेहनत और अनुशासन की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपसरपंच सूखचैन भारती, पंच गण, भूतपूर्व अध्यक्ष पन्नालाल परगनिहा, वरिष्ठ व्याख्याता संतोष कुमार परगनिहा, राखी वैष्णव, अंजली वर्मा सहित पालक गण और ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बाद में अतिथियों के करकमलों से छत्तीसगढ़ शासन निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत पात्र 16 छात्राओं को उनके पालकों की उपस्थिति में सायकिल वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री लक्ष्मी यदु, दुष्यंत निषाद, डोमन, सानिया, चंचल निषाद, इंदु वर्मा, रागनी, राजू, पूरन सहित बाल संसद सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

## परियोजना साजा सेक्टर परपोड़ी के गाड़ाडीह में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार की योजना अंतर्गत संकल्प एचईडब्ल्यू अंतर्गत महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा, चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास बेमेतरा के निर्देशानुसार एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी सीपी शर्मा के मार्गदर्शन में "संकल्प एचईडब्ल्यू अंतर्गत महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय 2 से 12 सितम्बर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को मजबूत करने के लिए विशेष अभियान के तहत बुधवार को परियोजना साजा सेक्टर परपोड़ी के ग्राम गाड़ाडीह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेष अभियान के तहत 2 से 12 सितम्बर तक महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त योजनाओं और नीतियों पर क्षमता निर्माण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लिंग संवेदीकरण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, कानूनी जागरूकता, उच्च शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण और पहलों के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण, महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता, पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किया जायेगा। कार्यक्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र गाड़ाडीह में महिलाओं एवं छात्राओं को छत्तीसगढ़ राज्य के पिछले 25 वर्षो के उपलब्धियों को बताया गया। साथ ही संकल्प एचईडब्ल्यू अंतर्गत महिला केन्द्रित कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें घरेलू हिंसा, सखी वन स्टॉप सेंटर, भ्रूण हत्या, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, बाल विवाह रोकथाम, विभागीय योजनओं की जानकारी, गुड टच-बैड टच, बाल संरक्षण संबंधी, चाइल्ड लाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 आदि विषयों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में व्योम श्रीवास्तव जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सेवन्तिका साहू जेण्डर विशेषज्ञ, राजेन्द्र चंद्रवंशी समन्वयक चाईल्ड हेल्प लाइन 1098, सखी वन स्टॉफ सेन्टर 181 केन्द्र प्रशासक रामेश्वरी साहू पैरालिगल वालेटियर, उ.मा.वि. गाड़ाडीह के प्राचार्या सीमा श्रीवास्तव, स्कूल के समस्त शिक्षकगण एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका उपस्थित रहे।

